>

Title: Regarding steps for release of an arrested Indian national by Iraq Police.

श्री रतन सिंह (भरतपुर): सभापति महोदय, आपने मुझे एक महत्वपूर्ण बिन्दु पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपको धन्यवाद देता हूं।

महोदय, मैं भरतपुर क्षेत्र से हूं। वहां के निवासी प्रदीप चौधरी के पुत्र श्री राजकुमार चौधरी मर्चेंट नेवी में कार्यरत थे। नवम्बर, 2010 में श्री राजकुमार चौधरी दुबई से ईरान रवाना हुए। जहाज में कप्तान से सिगनलिंग में कुछ गलती हुई, जिसकी वजह से वह जहाज रास्ता भूलने के कारण ईरान की जगह इराक पहुंच गया। जहाज में सवार श्री राजकुमार चौधरी सहित अन्य चार लोगों को इराक पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के उपरान्त अन्य चार व्यक्तियों को इराक पुलिस द्वारा छोड़ दिया गया, परन्तु श्री राजकुमार चौधरी को अभी तक रिहा नहीं किया गया है। जिससे उनके पिता श्री प्रदीप चौधरी एवं समस्त परिवार बेहद दुखी एवं आहत हैं। मेरा निवेदन है कि श्री राजकुमार चौधरी की रिहाई के लिए भारत सरकार की तरफ से अतिशीघ्र समुचित कदम उठाना आवश्यक है।

सदन के माध्यम से मेरा सरकार से अनुरोध है कि संसदीय क्षेत्र भरतपुर के श्री राजकुमार चौधरी को इराक सरकार से रिहा कराने हेतु सकारात्मक जोरदार कार्रवाई की जाए, जिसके लिए मेरे संसदीय क्षेत्र के निवासी, श्री राजकुमार चौधरी के परिजन और मैं आपके बहुत आभारी होंगे।